## संक्षिप्त

### विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया

**निवाई।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अय्यूब खान एवं तालुका विधिक सेवा समिति अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अध्यक्ष सृष्टि चौधरी के निर्देशानुसार विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सोमवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ. मुकेश सामोता ने बताया कि 7 अप्रैल 1948 को विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना की गई थी। तब से सम्पूर्ण विश्व द्वारा 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इसके लिए संतुलित आहार होना, नियमित शारीरिक गतिविधि करना, पर्याप्त आराम करना, मानसिक स्थिरता बनाए रखना, तनाव का प्रबंधन करना, सार्थक संबंध बनाए रखना, खुद की देखभाल करना, योगा एवं प्राणायाम करना, समय-समय पर डॉक्टर से चेकअप कराना सहित अन्य बातें शामिल हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य से संबंधित सभी जानकारी दी। इस दौरान निवाई तालुका सचिव राजेश मीणा, विद्यालय प्रधानाचार्य देवेन्द्रपालसिंह एवं कई शिक्षकगण उपस्थिति थे।

### 22 से किसान करेंगे अनिश्चितकालीन धरना

**निवाई।** किसान महापंचायत के तत्वावधान में किसानों के मुद्दों को को लेकर 22 अप्रैल को 11 बजे कृषि उपज मंडी टोंक में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान ने बताया कि किसानों की समस्याओं को लेकर कृषि उपज मंडी में बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि किसानों के जो मुद्दे बहुत दिनों से चल रहे हैं उनका कोई भी समाधान नहीं हुआ है जिसको लेकर 22 अप्रैल से कृषि उपज मंडी समिति टोंक में अनिश्चितकालीन धरना किया जाएगा। बैठक में किसान युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी, जिला अध्यक्ष गोपीलाल जाट, सीताराम चौधरी, बद्री गुर्जर, आत्माराम चौधरी, दुलाराम प्रजापत, गोविंद चौधरी, श्रीराम, शंकरलाल मीणा, मोहनलाल चौधरी, राजाराम मीणा व राधाकृष्ण मीना सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### शोकाकुल परिवार को बंधाया ढांढस

**पीपलू।** उपखंड क्षेत्र मे 24 मार्च को हरिपुरा निवासी व समाजसेवी कमलेश गुर्जर की पुत्री नीतू गुर्जर का आकस्मिक निधन हो गया था। निधन की जानकारी मिलते ही हिंडोली नैनवां विधायक, पूर्व राजस्थान सरकार खेल मंत्री अशोक चांदना ने हरिपुरा गांव पहुंच कर परिजनों को ढांढस बंधाते हुए दु:ख प्रकट किया। मंत्री ने कहा कि भगवान दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे।इस दौरान मेवाराम भालोठ, एडवोकेट राजेश गुर्जर, हरिनारायण गुर्जर, सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। टोंक विधायक सचिन पायलट ने भी शोकाकुल परिवार को शोक जताया गया।

### उपमुख्यमंत्री को किया आमंत्रित

**निवाई।** गांव नटवाडा में श्री बद्री विशाल भगवान के सान्निध्य में 108 कुंडिये शत चंडी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसमें भाग लेने के लिए राजस्थान सरकार की उपमुख्यमंत्री राजकुमारी दीया कुमारी को नटवाड़ा सरपंच नीता कंवर के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने आमंत्रित किया। सरपंच नीता कंवर ने बताया कि श्री बद्री विशाल भगवान के सान्निध्य में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी आतिथ्य में आयोजित होने वाले 108 कुंडिये शत चंडी महायज्ञ में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान सरपंच नीता कंवर ने श्री बद्रीनाथ जी मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु बजट आवंटित करने के लिए उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आत्मीय भेंट की।

### राजकुमार जैन बने जिला समन्वयक

**मालपुरा।** भारत विकास परिषद उतरी पूर्वी प्रान्त की घोषित कार्यकारिणी मे पूर्व पालिका अध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार जैन को जिला समन्वयक मनोनीत किया गया। परिषद प्रवक्ता दिनेश विजय ने बताया कि परिषद की मालपुरा शाखा के संरक्षक राजकुमार जैन अब जिले की सभी शाखाओं के समन्वयक के रूप मे परिषद कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्रदान करेगें। राजकुमार जैन के समन्वयक बनने पर ब्लॉक मालपुरा अध्यक्ष ज्ञानचन्द जैन,रामजीलाल बैरवा,सुनिल परतानी सहित जिलेभर के कार्यकर्ताओ ने जैन को दी बधाई।

# टोरडा बगीची में श्रीराम जन्मोत्सव पर रामलला की झांकी सजाई

**पावटा।** टोरडा बगीची बाबा श्री भरतदास जी आश्रम पावटा क्षेत्र के आध्यात्मिक केन्द्र टोरडा धाम पर नूतन वर्षारंभ व नवरात्र स्थापना से शुरू हुए आध्यात्मिक, धार्मिक तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का श्रीराम नवमी पर श्रीराम जन्मोत्सव की बधाई, महाआरती के साथ समापन हुआ। वही श्री राम नवमी के अवसर पर पारंपरिक मेले में आध्यात्म के साथ लोक रंगों की बरसात में रंग-बिरंगी पौशाकों में स्त्री पुरुष तथा बच्चे दिन भर आस्वादन करते रहे तथा महाराज श्री के लोक-मंगल के विभिन्न आयामों से जुड़ कर अपने कल्याण के प्रकल्पों से जुड़े रहे।

मंदिर महंत श्री मंगलदास जी महाराज ने बताया कि वर्ष प्रतिपदा से प्रारंभ हुए सभी आध्यात्मिक कार्यक्रमों का एक एक कर समापन करते हुए सर्वप्रथम साहित्य और शास्त्रीय संगीत पर आधारित श्री सीताराम जी को समर्पित भजन संध्या की प्रभात वेला में पूर्णाहुति, श्री राम नाम संकीर्तन व



मेले में लोगो की भीड़ उमड़ी।

श्रीरामचरित मानस अखंड पाठ समापन, हवन तत्पश्चात श्री राम जन्म की बधाई गायन, अभिजीत मुहूर्त में रामलाल का जन्म, श्रृंगार, महाआरती तथा राजभोग की झांकी सजाई गई। इसके बाद मेले में आने वालों के लिए भंडारा तथा मेला दोनों एक साथ प्रारंभ हुए। इससे पूर्व आश्रम परिसर के विशाल सभा मंडपम में स्थानीय डॉ. अशोक जाट, मिश्री देवी आई हॉस्पिटल बहरोड़, बालाजी क्योर एण्ड केयर होस्पिटिल जयपुर तथा वैशाली हॉस्पिटैलिटी के वरिष्ठ फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. दिनेश खोड़ा द्वारा मंदिर महंत श्री मंगलदास जी की लोक-मंगल की कामना साकार करते हुए मेलार्थियों के स्वास्थ्य लाभ हित विभिन्न व्याधियों की जांच-पड़ताल से दवा वितरण तक के उपक्रम किए। दिन में लोक गायकों द्वारा नेहड़ा गायन, डफ चंग के साथ लोक रंजन के नृत्य, विभिन्न प्रकार के झूले, खिलोनों की दुकानें सजी।

वही क्षेत्र के प्रख्यात आशु कवि बिहारीलाल शास्त्री,अंकुर शर्मा, काशी राम गुर्जर, शास्त्रीय गायक महेंद्र कुमार टांक, नवीन शर्मा ने आदि ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर दाऊधाम के श्री बलदेवाचार्य जी महाराज,

■ **भरतदास जी की बगीची टोरडा में विशाल मेले का आयोजन**

सेवादास जी महाराज, बनवारी दास जी, रघुनाथ दास, राधेश्याम दास जी, रामशरण दास, विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़, डिप्टी कमिश्नर महेंद्र यादव, रेंजर कोटपूतली, राजस्थान सरकार में पूर्व मंत्री उर्मिला योगी, मंदिर व्यवस्था के प्रमुख कार्यकर्ता रामदयाल टॉंक, भागीरथ मल गुर्जर, कप्तान सिंह, तुलसीदास, श्रीराम नेता, गौरीसहाय गुर्जर, रोताश गुर्जर, रामेश्वर गुर्जर, कैलाश गुर्जर, मालसिंह तंवर, पूरण सिंह, रामकुमार मास्टर , ताराचंद , धर्मपाल, धर्मेन्द्र कुमार, जितेन्द्र शर्मा, हेमराज, दीनसिंह , पंकज, मुन्ना शर्मा ने अपनी सेवाएं दी।

### 12 मई को नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन

**निवाई।** वैष्णव बैरागी समाज के तत्वावधान में जमुना गार्डन निवाई में 12 मई पीपल पूर्णिमा को प्रथम नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है। समिति अध्यक्ष गुलाब वैष्णव खंडवा ने बताया कि सम्मेलन को सफल बनाने के लिए समिति के पदाधिकारी गांव-गांव में समाज बंधुओं से संपर्क कर सम्मेलन में अधिक से अधिक लोगों को शामिल होने व सहयोग करने के लिए प्रेरित कर रहे है। उन्होंने बताया कि सम्मेलन को लेकर जोड़ों का रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। रजिस्ट्रेशन के लिए समिति के पदाधिकारियों से संपर्क कर सकते है। सम्मेलन कार्यकारणी में मुख्य संयोजक के पद पर मोतीलाल जीवली, परशुराम बरोनी, उपाध्यक्ष सीताराम बरोनी, शिवजीराम गोहरपुरा व महामंत्री के पद पर भंवर करीरिया को शामिल किया गया। अध्यक्ष गुलाब खंडवा ने आव्हान किया।

# पालना झूलाने के साथ राजा सिद्धार्थ एवं भगवान महावीर का सजाया दरबार

**निवाई।** जैन सोशल ग्रुप प्रज्ञा के तत्वावधान में नसिंया जैन मंदिर के पास महावीर जयंती के महोत्सव के तहत मंगलाचार कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला एवं सुनील भाणजा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभांरभ पारसमल, महावीरप्रसाद पराणा, हिमांशु गोयल एवं विक्रम जैन ने भगवान महावीर स्वामी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम का मंगलाचरण प्रियंका पराणा, निकिता जैन, राशि जैन, नीतू जैन, सोनल जैन, दीक्षा जैन एवं गुंजन जैन ने सामूहिक नृत्य के साथ किया गया। उन्होंने बताया कि मंगलाचार कार्यक्रम में भगवान महावीर का दरबार, पालना झूलाया, राजा सिद्धार्थ के साथ सामूहिक नृत्य सहित कई धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम



भगवान महावीर को पालना झूलाते हुए श्रद्धालु।

के दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओ ने संगीतमय पालना झूलाया।

हितेश छाबड़ा एवं राकेश संघी ने बताया कि कार्यक्रम के अन्तर्गत सुशीला देवी, विमला देवी, मैना जैन, मंजू जैन, रिंकु जैन, आशा जैन, अनिता गोयल, ममता जैन, मीनू जैन, सपना जैन, मोनिका जैन, रेखा जैन, शशी सोगानी,

■ **जैन सोशल ग्रुप प्रज्ञा के तत्वावधान में नसिंया जैन मंदिर के पास महावीर जयंती के महोत्सव के तहत मंगलाचार कार्यक्रम आयोजित**

पिंकी कठमाणा व सपना ज्योति छाबड़ा सहित कई महिलाओं एवं बालिकाओं ने भगवान महावीर स्वामी की महिमा पर सामूहिक मंगलाचार कार्यक्रम करके भगवान महावीर का महत्व बताया। इस अवसर पर सभी महिलाओं को भात वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में राजा सिद्धार्थ एवं माता त्रिशला को नाटिका के माध्यम से दिखाया गया जिसको देखने श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा।

# सनातन संस्कृति की रक्षा में अपना योगदान दे : बालमुकुंदाचार्य

**मानपुरा माचेड़ी ।** हवा महल विधायक एवं दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर हाथोज धाम के महंत बालमुकुंदाचार्य महाराज ने कहा कि सनातन संस्कृति की रक्षा करना हम सभी का दायित्व है सभी को इसकी रक्षा के लिये संकल्पित होना चाहिये। विधायक बालमुकुन्दाचार्य

■ **सीताराम महायज्ञ व पाटोत्सव महोत्सव**

महाराज लावारामजी की तपोस्थली टीला धाम अरणिया (चंदवाजी) में सीताराम महायज्ञ के समापन एवं पाटोत्सव महोत्सव पर महामंडलेश्वर हरिदासजी महाराज के सानिध्य में श्रद्धालुओं को आशीर्वचन दे रहे थे।

महाराजश्री ने गौ माता की दुर्दशा पर चिंता व्यक्त करते हुये हरिदासजी महाराज के सानिध्य में गौशाला की स्थापना कर गो सेवा करने का संकल्प दिलवाया।



महायज्ञ के समापन के अवसर पर बालमुकुंदचार्य व सन्त मौजूद रहे।

महामंडलेश्वर हरिदासजी महाराज व भीवादासजी महाराज ने बालमुकुंदाचार्य महाराज कर शॉल ओढ़ाकर व माल्यार्पण करके स्वागत किया। इससे पूर्व महाराजश्री ने ठाकूरजी के दर्शन कर लावारामजी की पगल्यों की परिक्रमा कर प्रदेश व क्षेत्र में खुशहाली की कामना की। इस दौरान कालीदास महाराज नायन, सुदामादास महाराज, शाहपुरा व्यापार एसोसियेशन के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व पार्षद गोपाल शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे। संत महात्माओं ने की शिरकत महायज्ञ के समापन व पाटोत्सव पर भींवादासजी जसवंतपुरा, कालीदासजी नायन, रामचरणदासजी महाराज त्रिवेणी धाम, प्रभुदास महाराज हथौरा, प्रहलाद दास कुंडा धाम, हरिओमदास महाराज परमानंद धाम खोरी, किशनदास दिवराला सहित अनेक संत महात्माओं ने शिरकत की।इस अवसर पर भंडारे का भी आयोजन हुआ इसमें हजारों श्रद्धालुओं में प्रसादी ग्रहण की।

# एडीजी सिंह ने किया कारागृह का निरीक्षण

**टोंक।** अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, जेल रूपेंद्र सिंह सोमवार को टोंक दौरे पर रहे, यहां उन्होंने अचानक टोंक कारागृह का निरीक्षण किया, इस दौरान पांच टीमों ने उनके निर्देशन में जेल स्टाफ, पुलिस, बंदियों और जेल प्रशासन की तलाशी ली। इस दौरान कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली तथा टीमों ने सभी बैरकों, बंदियों के सामान आदि की चेकिंग की। इसके बाद मीडिया से बातचीत करते हुए एडीजी सिंह ने कहा कि जेल में भी बंदियों को आम लोगों की तरह जेल के नियमों के अनुसार रखते है।

जेल के नॉर्म्स के हिसाब से रहने वाले को कोई दिक्कत नहीं आती, जो बंदी जेल नियमों का उल्लंघन करता है तो उसे जेल नियमों के अनुसार दण्ड मिलता है। हम बंदियों और स्टाफ में यह संदेश देना चाहते हैं कि किसी भी वक्त तलाशी ली जा सकती है, यह नहीं है कि तलाशी सुबह या शाम को

■ **इस दौरान पांच टीमों ने निर्देशन में जेल स्टाफ, बंदियों व जेल प्रशासन की तलाशी ली**

ली जाए, किसी भी वक्त तलाशी ली जा सकती है। रूटीन में भी जेल प्रशासन अपने स्तर पर जांच कर सकता है। अगर कोई बंदी जेल में अपराधी गतिविधि करता है तो फिर उसके लिए एफआईआर है और पुलिस अनुसंधान है, यदि कोई अपराधिक कृत्य करता है तो मुकदमा होता है विभिन्न प्रकार की उसमें सजाए हैं। उन्होने बताया कि इस मामले में अगर कोई स्टाफ की मिलीभगत होती है तो उनको इन्हीं नियमों के तहत डील किया जाता है। इस दौरान जेल अधीक्षक वैभव भारद्वाज, जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान आदि मौजूद रहे।

# 95 दिनों से अलवर आरटीओ ऑफिस में नहीं बने लाइसेंस, जनता का सब्र का बांध टूटा

**अलवर।** पिछले 95 दिनों से अलवर आरटीओ ऑफिस में वाहन लाइसेंस नहीं बनने से जनता के सब्र का बांध आज टूट गया ओर उन्होंने वहां मौजूद यातायात सलाहकारों की दुकानों को बंद करवा कर विभाग की राठोडी का जवाब देने के लिए कार्य का बहिष्कार करवा दिया जिसके फलस्वरूप अलवर आरटीओ ऑफिस की सभी खिड़कियां खाली रही लोगों ने कार्यालय के गेट के बाहर भाजपा सरकार और आरटीओ विभाग के खिलाफ जमकर नारे लगाए। पिछली आठ जनवरी से अलवर आरटीओ ऑफिस में लाइसेंस का काम बंद है यहां चोपहिया और दोपहिया वाहनों के लाइसेंस नहीं बन पाएं है। एजेंटों का आरोप है कि यह ट्रेक खराब नहीं है इसे विभाग के इंस्पेक्टरो ने अधिकारियों को गुमराह करते हुए खराब घोषित करने का प्रयास किया है ताकि उन्हें मैनुअल लाइसेंस की परमिशन मिल जाए और वे मोटी रकम वसूली कर सके। डबल इंजन सरकार का वर्चस्व भी खतरे में पड़ा

अलवर की डबल इंजन सरकार का वर्चस्व भी इस प्रकरण को लेकर खतरे में पड गया है क्योंकि भाजपा सरकार लगातार जीरो टोल्स नीति पर काम करने की बात कहती है और वही उन्ही के



ऑफिस के बाहर सैकड़ों अभ्यार्थियों ने प्रदर्शन किया।

पब्लिक डीलिंग आफिसों में जमकर लूट मची हुई बिना सुविधा शुल्क के यहां कोई काम नही होते है।

लगातार मीडिया में समाचार प्रकाशित होने के बावजूद भी डबल इंजन सरकार के किसी भी मंत्री ने आज तक इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया है जो उनकी जन हितेषी भावना को उजागर करने के लिए काफी है। जनता को सरकार की बड़ी योजनाओं या विकास की राजनीति से ज्यादा जरूरी है उनके काम का समय पर होना जो नहीं हो पा रहा है। अलवर आरटीओ ऑफिस में 95 दिनों के अन्दर करीब पांच हजार से ज्यादा लर्निंग लाईसेंस पैंडिग पडे है जिनमें हजारों की डेट ही एक्सपायर हो चुकी है इससे लाइसेंस धारकों को काफी धन और समय की हानि हुई है इधर एक एजेंट की माने तो उनके अनुसार करीब बीस से पच्चीस हजार लाइसेंस पेंडिंग है। लोगों ने मंत्रियों की कार्यशैली पर उठाया प्रश्न यहां एकत्रित अभ्यार्थियों ने बताया कि वे इस मामले को लेकर राजस्थान सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा के निवास पर भी गए और उनके नाम ज्ञापन उनके पीए को देकर आए लेकिन लगभग सप्ताह बाद भी मंत्री संजय शर्मा ने इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया है वही लगातार मीडिया में प्रकाशित समाचारों को पढने के बावजूद भी इस विभाग पर दोनों ही मंत्रियों ने कोई संज्ञान नहीं लिया है

■ **विभाग के खिलाफ एजेंटों ने भी दुकानें बंद कर आंदोलन का किया समर्थन**

जिससे साफ लगता है कि भाजपा सरकार नहीं चाहती कि अलवर में जनहित के कार्य हो और अलवर के युवा सरकारी नौकरी के लिए फार्म भर सके। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अगर हमारे हाथ से वैकेंसी निकलेगी तो आने वाले चुनाव मे इन दोनों ही मंत्रियों को इसकी कीमत चुकानी पडेगी। उन्होंने आज जनता की परेशानियों से सबक लेते हुए यह निर्णय किया है कि वे जनता के इस आंदोलन में उनका समर्थन करेंगे और जब तक अलवर आरटीओ ऑफिस में लाइसेंस सुचारू नहीं होंगे तब तक वे अपनी दुकानों को नहीं खोलेगे।अधिकारी अलवर आरटीओ सतीश कुमार मीडिया को लगातार बोलते आ रहे है कि उन्होंने इस ट्रेक के विषय में जयपुर मुख्यालय को अवगत करा दिया है उन्होंने 6 पत्र लिखे है या तो विभाग इस ट्रेक को ठीक कराए या फिर लाइसेंस को मैन्युअल करने की परमिशन दे ताकि जनता के काम सुचारू हो सके।

### 'पशुओं को लू एवं तापघात से बचाएं'

**टोंक।** आगामी भीषण गर्मी और हीट वेव को देखते हुए राज्य सरकार के निर्देशानुसार पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. छोटू लाल बैरवा ने जिले के पशुपालकों को राहत देने के लिए हर संभव प्रयास शुरू कर दिए है। उन्होंने जिले के समस्त पशुचिकित्सालयों, पशु औषधालय एवं पशु चिकित्सा उपकेंद्रों के प्रभारियों को निर्देश दिए कि पशुपालकों के पशु उनकी अमूल्य धरोहर है। पशुपालकों की अमूल्य धरोहर को भीषण गर्मी एवं हीट वेव से बचाना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। गर्मी एवं हीट वेव के मध्य नजर पशुपालकों को चिकित्सा सुविधा के लिए परेशानी का सामना नहीं करना पड़े, आगामी हीट वेव को देखते हुए अधिकारी एवं कर्मचारी अलर्ट एवं प्रो-एक्टिव एप्रोच से कार्य करें।

संयुक्त निदेशक डॉ. बैरवा ने जिले के गौशाला संचालकों एवं पशुपालकों को उनके अमूल्य पशुओं को लू एवं तापघात से बचाने की जानकारी देते हुए बताया कि पशुओं को नहलाने का उचित प्रबंध होना चाहिए। पशुओं के शरीर पर दिन में दो या तीन बार ठंडे पानी का छिड़काव करें, संभव हो तो तालाब में भैंसों को नहलाएं। उन्हें पीने का ठंडा पानी उपलब्ध कराएं। पशुओं को आहार में हरा चारा अधिक से अधिक मात्रा में खिलाएं।

## सार-समाचार

### शोभा यात्रा निकली



**सांभरझील।** यहां गोवर्धन नाथ मंदिर से भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में मां दुर्गा के अलग-अलग रूपों की जीवंत झांकी आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में निकाली जाना बताया गया। गोवर्धन नाथ मंदिर से बड़ा बाजार, छोटा बाजार, सीता सागर रोड, साल्ट फाटक, पंच बत्ती चौराहा होते हुए श्री गोपाल गौशाला अध्यक्ष मुन्नाजी के सानिध्य में शुभ यात्रा में आने वाली सभी लोगों को शीतल पेय दिया गया। विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी वकील सुनील शर्मा ने बताया कि शोभायात्रा पर जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई। महिलाओं ने भी उत्साह के साथ भाग लिया। डीजे पर प्रभु श्री राम के गीतों के साथ लोगों ने नाचते गाते जय श्री राम के उद्घोष के साथ अपनी आस्था जताई। शोभा यात्रा में मंदिर के महंतो ने भी भाग लिया। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के हीरालाल तंवर, दिनेश शर्मा, राजेंद्र आसीवाल, राम सिंह बन्ना, कपिल सोनी, नीतेश गोयल, मधु गोयल, सत्येंद्र अग्रवाल, राम अग्रवाल, शरद कालानी व सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

### स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**पीपलू।** राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय डारडा तुर्क़ पर विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर ममता हेल्थ इंस्टिट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड संस्था द्वारा एक नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 137 विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिनमें 47 बालक और 90 बालिकाएं शामिल थी। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था। स्वास्थ्य जांच में बच्चों का वजन, ऊंचाई, रक्त में हीमोग्लोबिन की मात्रा, आंख और दांत की जांच जैसे बुनियादी परीक्षण किए गए। साथ ही बालकों और बालिकाओं को संतुलित आहार, स्वच्छता और नियमित जांच के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।शिविर में पीएचसी प्रभारी दीपक कुमार का विशेष सहयोग रहा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लैब टेक्नीशियन गिर्राज गुर्जर और महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता सुशीला वर्मा द्वारा बच्चों की जांच की गई और बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और स्वच्छता अपनाने की प्रेरणा दी तथा ज़रूरतमंद विद्यार्थियों को निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराईं।विद्यालय प्रशासन, शिक्षकों और अभिभावकों ने इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की अपेक्षा जताई। इस अवसर पर ममता संस्था के ब्लॉक कॉर्डिनेटर छत्रधर योगीराज ने सहयोग के लिए अस्पताल स्टाफ और विद्यालय स्टाफ का आभार जताया।

### तीन दिन से पानी की सप्लाई बंद

**पीपलू।** झिराना से चौगाई पंप हाउस के लिए बिसलपुर पेयजल की लाइन झिराना से बोरखडींकला के बीच से टूट गई। पाइपलाइन टूटने कारण इस समय गैस की लाइन डालने के लिए चल रही खुदाई के दौरान जेसीबी से मशीन टूट गई। पाइपलाइन टूट ने से चौगाई पंप हाउस में होने वाली बिसलपुर की सप्लाई चार दिन से बंद है। एरिया मैनेजर मुकेश चौधरी ने बताया कि गैस की लाइन डालने के लिए नाली की खुदाई जेसीबी मशीन से की जा रही है। जिससे झिराना पंप हाउस से चौगाई पंप हाउस की पानी की सप्लाई लाइन कहीं जगह से टूट गई। पेयजल सप्लाई लाइन टूट जाने से चौगाई पंप हाउस से होने वाली 38 गांवों की पेयजल आपूर्ति बंद है। लाइन की मरम्मत कार्य किया जा रहा है। जल्दी ही पानी की सप्लाई चालू की जाएगी। रामलाल, मदनलाल सेन, सीताराम माली, हनुमान व गोपाल लाल ने बताया की वर्तमान में गर्मी का सीजन शुरू हो गया है। वहीं शादी विवाह का सीजन चल रहा है। इस समय पानी कि आवश्यकता अधिक होने से काफी मुश्किल हो रही है। महिलाओं को पानी की व्यवस्था करना पड़ रहा है। इस दौरान रानोली, कठमाणा, चौगाई, इनायतगंज, बेगमपुरा, मोहम्मद नगर ढाणी, गंगापुरा, अलिनगर, गुड्डा रामदास, सौधीफल, मोहिनी, गोर्वधनपुरा, सीतारामपुरा, हमेंरिया, तहरपुरा उर्फ इब्राहिमाबाद, जयकिशनपुरा, हाजीपुरा, जौहरपुरा व हनिफगंज सहित 38 गांवों की पेयजल आपूर्ति बंद है।

### विप्र समाज की बैठक आयोजित

**देवली।** परशुराम जन्मोत्सव को लेकर विप्र समाज की बैठक आयोजित की आगामी 29 अप्रैल आखातीज को आने वाले परशुराम जन्मोत्सव को लेकर बस स्टैंड स्थित गौतम मंदिर में देवली सहित क्षेत्र के विप्र बंधुओं की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से परशुराम जन्मोत्सव को भव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान देवली शहर, ज्योति कॉलोनी, ऊंचा, कुंचलवाड़ा, हनुमान नगर, देवली गांव एवं दौलता मोड़ क्षेत्र के सभी विप्र परिवारों का सामूहिक भोज आयोजित करने का भी सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में मौजूद सामाजिक बंधुओं ने कार्यक्रम को भव्य बनाने हेतु अन्य कई मुद्दों पर भी विचार विमर्श किया। सामूहिक भोज में शामिल होने के लिए किसी भी परिवार से कोई राशि निर्धारित नहीं की गई है, जो भी व्यक्ति सहयोग देना चाहे, वह अमित गौतम, कृष्ण गोपाल शर्मा व आशीष पंचोली से संपर्क कर सहयोग दे सकता है। परशुराम जन्मोत्सव के दिन भव्य शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी।

### एसडीएम को ज्ञापन दिया

**श्रीमाधोपुर ।** राजस्थान शिक्षा सेवा प्राध्यापक संघ की जिला शाखा नीमकाथाना की उप शाखा श्रीमाधोपुर ब्लाक कार्यकारिणी के द्वारा वरिष्ठ व्याख्याता 14 पद को समाप्त करने के संबंध में उपखंड अधिकारी अनिल कुमार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के नाम ज्ञापन सौंपा ।श्रीमाधोपुर ब्लॉक अध्यक्ष शिंभू दयाल सैनी के द्वारा बताया गया कि हाल ही में शिक्षा विभाग द्वारा उप- प्राचार्य पद को समाप्त करके वरिष्ठ व्याख्याता नाम से नया पद बनाया गया है, जिसका रेसला संगठन विरोध करता है तथा सरकार से मांग करता है कि इसे समाप्त करके पूर्व वर्षों की भांति व्याख्याता की पदोन्नित प्रधानाचार्य एल-16 के पद पर की जाए । इस अवसर पर अजीतगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष विजेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार सैनी, अशोक कुमार, जिला कार्यकारिणी सदस्य कैलाश यादव, ब्लॉक महामंत्री मुकेश कुमार फलवारीआदि व्याख्याता मौजूद थे।

### सन्त निरंकार का विशाल सत्संग आयोजित

**टोंक।** शहर के पाँचबत्ती स्थित सन्त निरंकारी सत्संग भवन पर विशाल आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन दिल्ली से आयी केन्द्रीय प्रचारक निर्मलमन चन्दा के सानिध्य में आयोजित किया गया। सत्संग में आये श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए चन्दा ने कहा कि हम बहुत धर्म-ग्रंथ पढ़ते है, अच्छि बाते सुनते भी है, अब जरूरत है उनको जीवन में उतारने की, सृष्टि को बनाने वाले परमात्मा को प्यार करने की। आज सतगुरू माता सुदीक्षा राज पूरे संसार को यही संदेश दे रहे है कि हम मिल वर्तन से रहे, हमारा आपसी भाईचारा मजबूत हो और ये तभी संभव होगा जब हम एक-दूसरे को सम्मान देंगे। सत्संग का वातावरण पावन, निर्मल आध्यात्म वाला होता है, यहां कोई गमन हीं होता इसलिये युगों-युगों से सत्संग को ही मोक्ष का द्वार बताया गया है।

### प्रेस कॉन्फ्रेंस आज

**शाहपुरा ।** शाहपुरा विधायक मनीष यादव के द्वारा मंगलवार को सुबह दस बजे एमडीएस होटल बिदारा में नगर निकाय सीमा विस्तार, पंचायत समिति पुनर्गठन सहित क्षेत्र की कई ज्वलंत जन समस्याओं को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया जाएगा।